**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 07-10-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा दशहरा मेला/ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में भ्रमण/पैदल गश्त कर सुरक्षा/यातायात व्यवस्था का लिया गया जायजा।**
- **विसर्जन को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 07.10.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री अभिनंदन के साथ दशहरा मेला/दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के दक्षिण दरवाजा से मंगल बाजार होते हुए करुआ बाबा मंदिर तक भ्रमण/पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। भ्रमण/पैदल गश्त के दौरान विसर्जन स्थल/घाट तक पहुंचने वाले मार्गो पर बैरिकेडिंग की स्थिति , भीड़ प्रबंधन हेतु पर्याप्त पुलिस बल को तैनात रहने, बिजली के खंभों की गार्डिंग, घाटों के समीप गोताखोरों एवं जल पुलिस की ड्यूटी, घाटों की साफ-सफाई तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु स्वास्थ्य दल व एंबुलेंस की तैनात रहने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे दशहरा मेला/ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी बस्ती, अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री श्यामकांत, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सुशील कुमार सिंह, प्रभारी महिला थाना, थाना प्रभारी पुरानी बस्ती सहित पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**